दिनांक 28.10.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# प्रधानमंत्री आवास के निर्मित मकानो के लिए 3 नवंबर को लॉटरी

**भिलाई नगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के ''मोर मकान–मोर आस'' घटक अंतर्गत किरायेदारी के रूप में निवासरत् बेघर परिवारों को दिनांक 03.11.2025 को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जावेगा। शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकजनों एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देते हुये प्राथमिकता के आधार पर भूतल में निर्मित आवासों का लॉटरी द्वारा आबंटन किया जाना है। वरिष्ठ नागरिकजन एंव दिव्यांगजन से पर्याप्त मात्रा में आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में जो आवेदकगण वरिष्ठ या दिव्यांगजन नहीं है, उन्हे भी वरियता के आधार पर भूतल के आवासों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जाना है। अतः सभी आवेदकगण दिनांक 03.11.2025 के पूर्व अपना 10 प्रतिशत अंशदान राशि निगम कोष में जमा कराकर भूतल के आवासो का लॉटरी द्वारा आबंटन प्राप्त कर सकते हैं।

